दैनिक जागरण 22/07/2026

# सीएसए के पुस्तकालय का होगा सुंदरीकरण, आएंगी नई किताबें

**साढ़े तीन करोड़ रुपये से बढ़ेंगी सुविधाएं, शासन ने बजट जारी**
**राज्यपाल ने अगले निरीक्षण में कार्यों की करेंगी समीक्षा**

जागरण संवाददाता, कानपुर : चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के केंद्रीय पुस्तकालय का जल्द सुंदरीकरण होगा। शासन ने पुस्तकालय को अपग्रेड करने और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया है। इस धनराशि से पुस्तकालय में नई पुस्तकों की खरीदारी, डिजिटल संसाधनों का विस्तार, आधुनिक कंप्यूटर लैब की स्थापना और छात्रों के लिए अत्याधुनिक अध्ययन सुविधाएं विकसित की जाएंगी। राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल पुस्तकालय के कार्यों की समीक्षा अगले निरीक्षण में करेंगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार केंद्रीय पुस्तकालय में 64,300 से अधिक पुस्तकें, 4,400 से ज्यादा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाएं (जर्नल्स) तथा सैकड़ों पीएचडी शोध प्रबंध उपलब्ध हैं। पुस्तकालय पूरी तरह कंप्यूटरीकृत है। यहां इंटरनेट, ई-लाइब्रेरी और डिजिटल डेटाबेस की सुविधा उपलब्ध है, जिससे छात्र आनलाइन अध्ययन सामग्री, ई-बुक्स और शोध संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं। अपग्रेडेशन के बाद इन सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा

योजना के तहत पुस्तकालय में अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब स्थापित की जाएगी। इसके अलावा अध्ययन कक्षों का नवीनीकरण, आधुनिक फर्नीचर, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, हाई-स्पीड इंटरनेट और डिजिटल रीडिंग जोन जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। विश्वविद्यालय का उद्देश्य केंद्रीय पुस्तकालय को आधुनिक ज्ञान संसाधन केंद्र के रूप में विकसित करना है। पुस्तकालय की व्यवस्था में भी बदलाव किया जाएगा। अब यहां केवल सीएसए के नियमित छात्र, शोधार्थी और शिक्षक ही अध्ययन कर सकेंगे। बाहरी विद्यार्थियों के प्रवेश पर रोक रहेगी। सीएसए के कुलपति डा. संजीव गुप्ता ने बताया कि पुस्तकालय के सुंदरीकरण चरणबद्ध ढंग से कराया जाएगा। नई पुस्तकें, शोध पत्रिकाएं व डिजिटल संसाधन जोड़े जाएंगे।



सीएसए केंद्रीय पुस्तकालय • जागरण